भारत सरकार

गृह मंत्रालय

**राज्य सभा**

**तारांकित प्रश्न संख्या 192***

दिनांक 03.08.2016/12 श्रावण, 1938 (शक) को उत्तर के लिए

**पंजाब में अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं पर सीमा सुरक्षा बल की संख्या बढ़ाना**

***192. श्री नरेश गुजराल :**

क्या **गृह मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पंजाब में अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं पर तैनात सीमा सुरक्षा बल के कर्मियों की संख्या कितनी है;
(ख) क्या राज्य सरकार ने इस राज्य में हाल ही में आतंकवादियों द्वारा की गई घुसपैठ को देखते हुए इसकी संख्या बढ़ाने हेतु केन्द्रीय सरकार से अनुरोध किया है; और
(ग) क्या केन्द्रीय सरकार इस अनुरोध पर विचार कर रही है और यदि हां, तो अतिरिक्त सैन्य बलों को कब तक तैनात कर दिया जाएगा?

**उत्तर**

गृह मंत्रालय में गृह मंत्री **(श्री राजनाथ सिंह)**

**(क) से (ग) : एक विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है ।**

*****

**दिनांक 03.08.2016 के राज्य सभा तारांकित प्रश्न संख्या *192 के उत्तर में उल्लिखित विवरण**

(क) : पंजाब की अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सी.ए.पी.एफ.) की उपयुक्त संख्या तैनात की गई है। तथापि, राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में सी.ए.पी.एफ. की तैनाती के स्तर का खुलासा नहीं किया जाता है।

(ख) से (ग) : गुरदासपुर क्षेत्र में बी.एस.एफ. की तैनाती में वृद्धि करने के संबंध में, अगस्त, 2015 में पंजाब सरकार से एक अनुरोध प्राप्त हुआ था। जैसाकि पहले उल्लेख किया गया है, राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में सी.ए.पी.एफ. की तैनाती के बढ़ाए गए अथवा कम किए गए स्तरों का खुलासा नहीं किया जाता है।

*****